पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नैक हेतु मूल्यांकन प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की

प्रस्तुतिकरण को सुदृढ़ करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

हाइपर लिंक्स में सुसंगत विवरण सम्पूर्णता से दर्शाएं

फोटोग्राफ में कार्यक्रम का विवरण अंकित करें एवं गतिविधि युक्त फोटो ही लगाएं

विश्वविद्यालय की गतिविधियों को प्रमुखता से दर्शाएं

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने वाला एस0एस0आर0 बनाएं

लखनऊः 28 फरवरी, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नैक हेतु मूल्यांकन के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय पहले भी दो बार नैक में ग्रेडिंग प्राप्त कर चुका है, अब तीसरी बार नैक हेतु अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। राज्यपाल जी ने एस0एस0आर0 के सभी सातों क्राइटेरिया पर

विश्वविद्यालय की नैक तैयारियों हेतु गठित कमेटी के सदस्यों से बिंदुवार जानकारी ली। विविध बिंदुओं पर आवश्यक सुधार के निर्देश के साथ राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रस्तुतिकरण के दौरान राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि नैक तैयारियों की सभी बैठकें विश्वविद्यालय के कार्यों तथा शिक्षण कार्य के उपरांत ही की जाएं। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में विषयों को सुसम्बद्ध और प्रजेन्टेबुल बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन हेतु पियर टीम के अवलोकन के समय प्रस्तुतिकरण में किसी भी कमेटी सदस्य को भ्रम की स्थिति न हो। जिस बिंदु पर प्रस्तुतिकरण दिया जा रहा हो उससे सम्बन्धित सभी विवरण गतिविधियों के पत्र, फोटो हाइपर लिंक से सम्बद्ध रखे जाए। उन्होंने हाइपर लिंक्स को सुदृढ़ बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि विवरण अवलोकन हेतु हाइपर लिंक क्लिक करते समय विवरण तत्काल अवलोकन के लिए प्रदर्शित हो।

प्रस्तुतिकरण में प्रदर्शित फोटोग्राफ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी ने सभी फोट्रग्राफ में कार्यक्रम के विवरण का कैप्शन अंकित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं को दर्शाने वाले सभी फोटोग्राफ में विद्यार्थियों की उपस्थिति युक्त फोटो लगाने को कहा। बेस्ट प्रैक्टिस के फोटोग्राफ में जन सामान्य की प्रतिभागिता दर्शाने वाले फोटो लगाने को कहा।

बिंदुवार समीक्षा के दौरान राज्यपाल जी ने लाइब्रेरी खोलने की समय–सीमा बढ़ाने, प्रयोगशालाओं को 24 घंटे खोलने, पुस्तकालय में क्षेत्रीय भाषा की पुस्तकों को शामिल करने, छात्रावास में 'छात्रावास–पासपोर्ट' व्यवस्था, शोध ग्रन्थों को शत्–प्रतिशत् शोध गंगा पर अपलोड करने, दीक्षांत समारोह के दौरान डिजी लॉकर में डिग्री अपलोड का प्रत्यक्ष प्रदर्शन दर्शाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि

शिक्षणगण भी अपने विद्यार्थी जीवन की अभिरूचियों का विस्तार करें और विश्वविद्यालय में अपनी रूचियों के अनुसार गतिविधियाँ संचालित करें।

प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय की गतिविधियों को प्रमुखता से दर्शाने का निर्देश देते हुए राज्यपाल जी ने इसमें विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर तथा गोद लिए गाँवों तथा अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर दी जा रही स्वास्थय सुविधाओं एवं परिसर में स्थापित हैप्पीनेस सेंटर की प्रमुख विशेषताओं को सुदृढ़ता से प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों के छूटे हुए उल्लेखों को भी स्मरण कराया और उन्हें भी प्रमुखता से एस0एस0आर0 में अंकित करने को कहा।

राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण का पुनर्लेखन करने, एरर–लेस बनाने, पुनरावलोकन करके समग्रता से सशक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और बेहतर तैयारी के उपरान्त नैक के उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने की सामर्थ से युक्त एस0एस0आर0 दाखिल करने को कहा।

बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा राजभवन श्री पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय द्वारा गठित टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

————————

डा0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9161668080

राजभवन उत्तर प्रदेश